एनएसटीएफडीसी
की
"ई पत्रिका"

<u>एनएसटीएफडीसी की अप्रैल से सितम्बर</u>, <u>2019</u> **<u>तक की माहवार गतिविधियां</u>**

नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएसटीएफडीसी), पात्र अनुसूचित जनजातियों को स्व-रोजगार उद्यम लगाने के लिए रियायती वित्तीय सहायता उपलब्ध करता है। एनएसटीएफडीसी संबंधित राज्य/ संघ शासित प्रदेशों द्वारा नामित सरकारी स्वामित्व वाले राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए), एनसीडीसी, कुछ पीएसयू बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और अन्य एजेन्सियों के माध्यम से अपना फंड चैनेलाइज करता है।

अप्रैल, 2019 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I.निष्पादन :

वर्ष 2019-20 के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹ **करोड़ में**)

क्रमांक	**मद**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**		**गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष्पादन**
		वार्षिक लक्ष्य	**दि.30.04.**2019 **तक की उपलब्धि**	
i.	**मंजूरी**	**240.00**	**0.23**	**6.51**
ii.	**संवितरण**	**228.00***	**0.20**	**1.64**

* समझौता ज्ञापन 2019-20 के अनुसार, वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के 90% पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है । हालांकि, आईएमसी बैठक का अंतिम कार्यवृत्त एनएसटीएफडीसी को प्राप्त होना बाकी है ।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क) जनजातीय कार्य मंत्रालय और एनएसटीएफडीसी के बीच समझौता ज्ञापन **2019-20** पर अंतर-मंत्रालय समिति (आईएमसी) की बैठक दिनांक **16.04.2019** को सार्वजनिक उद्यम विभाग में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष **2019-20** के लिए विभिन्न मापदंडों पर लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया गया।

(**ख**) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने भागीदारों के बीच एमएसपी के अंतर्गत एमएफपी के लिए एवं विपणन विकास योजना हेतु वर्ष **2019-20** के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप देने हेतु ट्राइफेड द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के दौरान, एनएसटीएफडीसी ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में आंवला, कस्टर्ड एप्पल और जामुन प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने और जगदलपुर,छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में मिनिमल मल्टी कमोडिटी प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिए ट्राइफेड को वित्तीय सहायता मंजूर करने के संबंध में भागीदार के रूप में प्रतिनिधित्व किया ।

(ग) एनएसटीएफडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री जी. रमेश कुमार, भा.प्र. से. का कार्यकाल दिनांक **31.03.2019** को पूर्ण होने के फलस्वरूप श्री बिस्वजीत दास, उप महानिदेशक, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने दिनांक **01.04.2019** को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएसटीएफडीसी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।

मई, 2019 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I.निष्पादन **:**

वर्ष **2019-20** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹**करोड़ में**)

क्रमांक	**मद**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**		**गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष्पादन**
		वार्षिक लक्ष्य	**दि.30.05.**2019 **तक की उपलब्धि**	
i.	**मंजूरी**	**240.00**	**0.23**	**17.54**
ii.	**संवितरण**	**228.00***	**0.46**	**10.50**

* समझौता ज्ञापन **2019-20** के अनुसार**,** वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **90%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है ।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क) दिनांक **10.05.2019** को सार्वजनिक उद्यम विभाग के माध्यम से जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं एनएसटीएफडीसी के बीच **2019-20** के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया ।

(ख) वर्ष **2019-20** के लिए एनएसटीएफडीसी ने **240** करोड़ रुपये की अनुमानित आवंटन राशि राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के मध्य वितरण हेतु अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के आधार पर चिनहि्त किया । धनराशि की मंजूरी और संवितरण हेतु प्रस्तावों को नियमित आधार पर प्रस्तुत करने के अनुरोध के साथ वर्ष **2019-20** के लिए एनएसटीएफडीसी की राज्य चैनेलाइजिंग एजेंससियों को धन का अनुमानित आबंटन सूचित किया गया । राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वह अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की पहचान एवं चयन पहले से ही करके रखें ताकि स्वीकृत योजनाओं का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

(ग) श्री बिस्वजीत दास**,** उप महानिदेशक **(**डीडीजी**)** जनजातीय कार्य मंत्रालय**,** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**,**एनएसटीएफडीसी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

*****

जून, 2019 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2019-20** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹ **करोड़ में**)

क्रमांक	**मद**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**		**गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष्पादन**
		वार्षिक लक्ष्य	**दि**.30.06.2019 **तक की उपलब्धि**	
i.	मंजूरी	**240.00**	**14.71**	**29.44**
ii.	संवितरण	**228.00***	**1.22**	**13.75**

* समझौता ज्ञापन **2019-20** के अनुसार**,** वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **90%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है ।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क)एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए आंध्र प्रदेश के रामपछोड़ावरम में आयोजित सीएसआर कार्यक्रम के तहत एनएसटीएफडीसी द्वारा दिए गए दो एम्बुलेंस के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया।

(ख) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं के लिए जागरूकता उत्पन्न करने हेतु निम्नलिखित जागरूकता शिविर आयोजित किए:

(I) आईटीडीए, रामपछोड़ावरम (आंध्र प्रदेश), आंध्र प्रदेश राज्य में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी के माध्यम से इस जागरूकता शिविर को आईटीडीए के परियोजना अधिकारी, श्री निशांत कुमार,आईएएस द्वारा संबोधित किया गया;

(ii) महर्षि वाल्मीकि कर्नाटक अनुसूचित जनजाति विकास कार्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से सैंडूर, बैल्लारी जिला (कर्नाटक) में ।

(iii) गुजरात आदिवासी विकास निगम के माध्यम से गुजरात के साबरकांठा जिले खेड़ब्रह्म में;

(iv) छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से सूरजपुर एवं सुरगुजा, जिले (छत्तीसगढ़) में ।

(ग) श्री बिस्वजीत दास, उप महानिदेशक (डीडीजी), जनजातीय कार्य मंत्रालय एनएसटीएफडीसी में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

*****

जुलाई, 2019 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2019-20** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹ **करोड़ में**)

क्रमांक	**मद**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**		**गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष्पादन**
		वार्षिक लक्ष्य	**दि**.31.07.2019 **तक की उपलब्धि**	
i.	मंजूरी	**240.00**	**64.74**	**29.44**
ii.	संवितरण	**228.00***	**2.44**	**14.27**

* समझौता ज्ञापन **2019-20** के अनुसार**,** वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **90%** पर आधारित है और

उसी के अनुसार तय किया गया है ।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क) कर्नाटक राज्य में एनएसटीएफडीसी की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए एवं कर्नाटक राज्य वित्तीय निगम (केएसएफसी) के साथ गठजोड़ की संभावनाओं का पता लगाने हेतु बैंगलोर का दौरा किया।

(ख) एनएसटीएफडीसी ने दिनांक 06.07.2019 को दीमापुर (नागालैंड) में आयोजित जनजातीय उद्यम बैठक में भाग लिया । एनएसटीएफडीसी का प्रतिनिधित्व श्री जॉनी जी. रेंग्मा, गैर-सरकारी निदेशक एवं आंचलिक कार्यालय, गुवाहाटी के प्रतिनिधि द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में लगभग 60 जनजातीय उद्यमियों ने भाग लिया।

(ग) एनएसटीएफडीसी योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए दीमापुर (नागालैंड) में एक जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया ।

(घ) महीने के दौरान दो बोर्ड बैठकें, एक ऑडिट समिति की बैठक तथा एक सीएसआर समिति की बैठक हुई।

(ड.) श्री बिस्वजीत दास,उप महानिदेशक (डीडीजी), जनजातीय कार्य मंत्रालय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएसटीएफडीसी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

*****

अगस्त , 2019 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2019-20** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹ **करोड़ में**)

क्रमांक	**मद**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**		**गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष्पादन**
		वार्षिक लक्ष्य	**दि**.31.08.2019 **तक की उपलब्धि**	
i.	मंजूरी	**240.00**	**94.27**	**48.20**
ii.	संवितरण	**228.00***	**10.91**	**15.09**

* समझौता ज्ञापन **2019-20** के अनुसार**,** वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **90%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है ।

II. **इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:**

(क) आदिवासी विकास के लिए एनएसटीएफडीसी योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए, तमिलनाडु के विलुमपुरम, तिरुवन्नमलाई जिलों और केरल के जिला की झिकोड में चक्कितापाड़ा में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

(ख) एनएसटीएफडीसी ने माह के दौरान 17 अगस्त, 2019 से 25 अगस्त, 2019 तक ट्राईफेड द्वारा लेह (लद्दाख) में आयोजित आदि महोत्सव में भाग लिया।

(ग) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने एनएसटीएफडीसी योजनाओं के अंतर्गत सिल्क उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की संभावना का पता लगाने हेतु झारखंड का दौरा किया।

(घ) एनएसटीएफडीसी ने नराकास दिल्ली उपक्रम -2 द्वारा आयोजित 2 दिनों के ऑल इंडिया हिंदी सम्मेलन में भाग लिया । समारोह के दौरान, एनएसटीएफडीसी ने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन संबंधी निष पादित गतिविधियों का प्रदर्शन किया। एनएसटीएफडीसी को राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन में " श्रेष्ठता प्रमाण-पत्र" से भी सम्मानित किया गया।

(ड) एनएसटीएफडीसी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 1 अगस्त,2019 से 15 अगस्त,2019 एवं 16 अगस्त,2019 से 31 अगस्त,2019 तक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, निगम के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता प्रतिज्ञा ली गई । इसके अलावा, निगम ने एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया।

(च) अगस्त, 2019 माह के लिए रिक्तियों की स्थिति को अद्यतन करने और एसीसी रिक्ति निगरानी प्रणाली में पोस्टिंग संबंधी एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी निल है।

*****

सितम्बर, 2019 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन :

वर्ष **2019-20** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है:

(₹ **करोड़ में**)

क्रमांक	**मद**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**		**गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष्पादन**
		वार्षिक लक्ष्य	**दि**.31.08.2019 **तक की उपलब्धि**	
i.	मंजूरी	**240.00**	**120.56**	**50.55**
ii.	संवितरण	**228.00***	**48.74**	**15.38**

* समझौता ज्ञापन **2019-20** के अनुसार, वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **90%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(**क**)_अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएसटीएफडीसी ने एनएसटीएफडीसी की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित भूमि खरीद योजना और कर्नाटक सरकार की गंगा कल्याण योजना के तहत सहायता प्राप्त इकाइयों का निरीक्षण करने के लिए चिकमंगलूर का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ने कर्नाटक में महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक से मुलाकात की ताकि राज्य में धन के प्रवाह में वृद्धि की संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

(**ख**) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने भोपाल का दौरा किया एवं निम्न बैठकें कीं:-

- प्रमुख सचिव (आदिवासी कल्याण), मध्य प्रदेश सरकार।
- प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम से एससीए के पुनरुद्धार संबंधी मुद्दों और एजेंसी के साथ ऋण संचालन को फिर से शुरू करने के बारे में।
- मध्य प्रदेश राज्य में अनुसूचित जनजातियों को मियादी ऋण के पुनर्वित्त के बारे में पंजाब नेशनल बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रभारी के साथ।
- प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश राज्य एमएफपी फेडरेशन से राज्य में फेडरेशन के एनएसटीएफडीसी की एजेंसी बनने की संभावना का पता लगाने के लिए।

(**ग**) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, महासमुंद और गरियाबंद जिलों का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने एजेंसी के लंबित मुद्दों के संबंध में छत्तीसगढ़ के प्रबंध निदेशक / सचिव और छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम, उप महा प्रबंधक के साथ बैठक की। इसके अलावा, महा प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई ताकि राज्य में एनएसटीएफडीसी की धनराशि को चैनलाइज़ करने के लिए आरआरबी के साथ पुनर्वित्त समझौते के लिए एक समझौता किया जा सके।

इस यात्रा के दौरान, अधिकारियों ने डोंगरीगांव (गरियाबंद जिला) में सेंटर ऑफ बम्बू क्राफ्ट्स प्रोजेक्ट का भी दौरा किया।

(**घ**) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने सिरपुर (श्रीमती महासमुंद) में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

(**ड**) सितंबर, **2019** माह के लिए, रिक्तियों की स्थिति को अद्यतन करने और एसीसी रिक्ति निगरानी प्रणाली में पोस्टिंग एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी निल है।

*****

नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन

(अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक उत्थान हेतु एक शीर्ष संगठन)

एनबीसीसी टावर, 5 वीं मंजिल, 15 भीकामी कामा प्लेस,नई दिल्ली-110066

टेलीफोन नं. 011-26712539, 26177046, 26177042,फैक्स नं.011-26712574;

वेबसाइट: www.nstfdc.nic.in **ईमेल:nstfdc@bol.net.in**

एनएसटीएफडीसी का संक्षिप्त विवरण

संगठन: नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एण्ड डेवलपमेन्ट कारपोरेशन (एनसटीएफडीसी) केवल अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक उत्थान हेतु बनाया गया शीर्ष संगठन है। निगम अनुसूचित जनजातियों की आय जनित गतिविधियों हेतु राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों, कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के माध्यम से रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए उनकी आर्थिक उन्नति में अग्रणी भूमिका निभाता है।

पात्रता मानदंड: एनएसटीएफडीसी से रियायती वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:-

व्यक्तिगत /स्व सहायता समूहों हेतु	**सहकारी संस्था(ओं) हेतु**
• सभी आवेदक/सदस्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के होने चाहिए । • आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय गरीबी रेखा आय सीमा (डीपीएल) से दुगुनी से अधिक नहीं होनी चाहिए । योजना आयोग के मानदंडों के आधार पर वर्तमान में यह सीमा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 98000/-रुपए एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 1,20,000/-रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए ।	कम से कम 80% या ज्यादा सदस्य अनुसूचित जनजाति समुदाय के होने चाहिए एवं आवेदकों की वार्षिक पारिवारिक आय गरीबी रेखा आय सीमा से दुगुनी से अधिक नहीं होनी चाहिए । सदस्यता में परिवर्तन के मामले में वह सहकारी सोसाइटी यह सुनिश्चित करेगा कि एनएसटीएफडीसी की ऋण अवधि के दौरान अनुसूचित जनजाति सदस्यों का प्रतिशत 80% से कम नहीं है ।

योजना :

मियादी ऋण योजना	**आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना (आ.म.स.यो.)**	**स्व सहायता समूहों हेतु लघु ऋण योजना (लघु ऋण वित्त)**	**आदिवासी शिक्षा ऋण योजना (आ.शि.ऋ.यो.)**
25.00 लाख रुपए प्रति यूनिट तक की लागत वाली परियोजना के लिए 90% तक ऋण	1,00,000/-रुपए प्रति यूनिट तक की लागत वाली परियोजना के लिए 90% तक ऋण	प्रति स्व.स.समूह हेतु अधिकतम 5 लाख रुपए तथा प्रति सदस्य 50,000/- रु. तक का ऋण	प्रत्येक अनुसूचित जनजाति की पात्र परिवार को 6% वार्षिक रियायती ब्याज दर पर 5.00 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण
ब्याज दर: 6 से 10% वार्षिक	ब्याज दर: 4% वार्षिक	ब्याज दर: 6% वार्षिक	ब्याज दर: 6% वार्षिक

एनएसटीएफडीसी योजनाओं के अंतर्गत यदि अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित कोई व्यक्ति ऋण लेने के इच्छुक हो तो संबंधितराज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों/ उनके राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से मार्गदर्शन हेतु संपर्क कर सकते हैं । राज्य चैनेलाइजिगं एजेंसियों का संपर्क विवरण एनएसटीएफडीसी के वेबसाइट www.nstfdc.nic.in पर उपलब्ध है ।

निगम में दिनांक 02.09.2019 से 14.09.2019 तक मनाए गए " हिंदी पखवाड़े " का संक्षिप्त विवरण ।

निगम में राजभाषा नियमानुसार दिनांक 02-14 सितम्बर,2019 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवधि के दौरान निगम में निम्नलिखित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित की गईः-

क्र.सं.	**प्रतियोगिता का नाम**	**दिनांक**
1.	हिंदी निबंध प्रतियोगिता	02.09.2019
2 .	हिंदी टंकण प्रतियोगिता	03.09.2019
3.	हिंदी टिप्पण और प्रारूप लेखन प्रतियोगिता	04.09.2019
4.	चित्र अभिव्यक्ति प्रतियोगिता	05.09.2019
5.	हिंदी कार्यशाला	06.09.2019
6.	राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता	11.09.2019
7.	**हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह**	**13.09.2018**

निगम में **दिनांक 06.09.2019 को** पूर्वाह्न 10.30 बजे से 1.30 बजे तक (तीन घंटे) "हिंदी कार्यशाला" का आयोजन किया गया । कार्यशाला में निगम में "राजभाषा नीति का कार्यान्वयन एवं मानसिकता परिवर्तन" संबंधी जानकारी **श्री करन सिंह**, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, **नई दिल्ली** द्वारा सभी कार्मिकों को दी गई।

दिनांक **13.09.2019** को अपराह्न 4.00 बजे निगम में "हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह" का आयोजन किया गया । समारोह में माननीय गृह मंत्री, महोदय, भारत सरकार के संदेश का परिचालन एवं वाचन किया गया । तदुपरांत, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय के करकमलों द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए । इस दौरान सभी कार्मिकों से अपना अधिकाधिक दैनिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने का आग्रह किया गया ।

<u>निगम में दिनांक 02.09.2019 से 14.09.2019 तक मनाए गए " हिंदी पखवाड़े " से संबंधित फोटो गैलरी ।</u>

आंचलिक कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय दौरे की रिपोर्ट ।

आंचलिक कार्यालय, भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 29 जून 2019 और सूरजपुर जिले में 30 जून 2019 को जागरूकता शिविर आयोजित किये गये जिनमें से प्रत्येक में आदिवासी वर्ग के लगभग 400-500 लोगों ने एनएसटीएफडीसी , राज्य चैनेलाइसिंग एजेंसी, राज्य शासन और केंद्रीय शासन की योजनाओं की जानकारी और शंका समाधान प्राप्त किये। संबंधित जागरुकता शिविर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों के कुछ छायाचित्र संलग्न हैं।

लाभार्थी का नाम- श्री रमेश बाड़ा, सुपुत्र श्री जोदर राम, जनपद सीतापुर, जिला सुरगुजा छत्तीसगढ़

लाभार्थी का नाम- श्रीमती मगनती अंजना पत्नी श्री महेश कुमार, ग्राम और पोस्ट ऑफिस –पेटला, जनपद सीतापुर, जिला –सुरगुजा, छत्तीसगढ़ ।